संख्या–cm-413
24/09/2022

मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत बेला इंडस्ट्रीयल एरिया में लेदर पार्क का किया निरीक्षण, मोतीपुर में निर्माणाधीन इथेनॉल प्लांट का भी लिया जायजा

पटना, 24 सितम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सड़क मार्ग से जाकर मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत बेला इंडस्ट्रीयल एरिया में लेदर पार्क का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान लेदर से निर्मित सामानों के निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही वहां हो रहे निर्माण कार्यों को देखा और कार्यरत लोगों से बातचीत कर पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जीविका महिला उद्यमियों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि हमलोगों ने जीविका समूह का गठन कराया और वर्ष 2006 में मुजफ्फरपुर में ही पहली बार जीविका दीदियों से मिलने आए थे, उनसे बातचीत की थी और कार्यों की जानकारी ली थी। जीविका दीदियां काफी बढ़िया काम कर रही हैं। 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत महिला उद्यमियों को भी 10 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इसमें से 5 लाख रुपये का अनुदान तथा 5 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे महिलाओं को रोजगार में बढ़ावा मिलेगा और उनकी आमदनी बढ़ेगी। हमलोग चाहते हैं कि सभी लोगों को रोजगार मिले। राज्य के बाहर 40 जीविका दीदियों को प्रशिक्षित कराकर लेदर कलस्टर से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत उन्हें 10 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। मशीन लगाए गए हैं, यहां हर प्रकार की सुविधा दी गई है ताकि उत्पादन कार्य बेहतर ढंग से हो सके। यहां काम बढ़ेगा तो लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि महिलाओं की मांग पर शराबबंदी लागू की गई है। शराबबंदी का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो, इसको लेकर जीविका दीदियां सक्रिय रहें। लगातार समाज सुधार अभियान चलाते रहें। बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के खिलाफ भी लोगों को जागरूक करते रहें।

जीविका महिला उद्यमी श्रीमती सुनीता कुमारी एवं श्रीमती उर्मिला देवी ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान कहा कि हमलोग मुख्यमंत्री के आभारी हैं। हमलोगों को प्रशिक्षित कर रोजगार के लिए काफी सहयोग दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान बिहार की जीविका दीदियों की प्रशंसा हो रही थी। हम महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। हर काम को बेहतर ढंग से कर सकते हैं। बिहार को हम पर नाज होगा। हमलोगों को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका है। संवाद के दौरान जीविका दीदियों ने गीत की प्रस्तुति दी और मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री संदीप पौंड्रिक, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री मनीष कुमार, तिरहुत रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री पंकज सिन्हा, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी श्री प्रणव कुमार, निदेशक उद्योग श्री पंकज दीक्षित, मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जयंत कांत एवं जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मोतीपुर में निर्माणाधीन इथेनॉल प्लांट का जायजा लिया। मोतीपुर में भारत ऊर्जा डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इथेनॉल का प्लांट लगाया जा रहा है। भारत ऊर्जा डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक सुश्री कोमल सिंह एवं श्री शुभम सिंह ने प्लांट के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि मुख्य सड़क से प्लांट तक आनेवाले पथ का चौड़ीकरण कराया जाए। बगल में तिरहुत कैनाल से पानी प्लांट की ओर आ जाता है, जिससे दीवार में नमी आ जाती है, इससे सुरक्षित करने का उपाय किया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लायें ताकि यहां जल्द इथेनॉल प्लांट शुरू हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्लांट के नजदीक के सड़क का चौड़ीकरण किया जाए, जिससे आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। तिरहुत कैनाल के पानी से प्लांट के बचाव के लिए बोल्डर पिचिंग करा दें।

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, सूचना प्रावैधिकी मंत्री मोहम्मद इसराईल मंसूरी, विधान पार्षद श्री दिनेश सिंह, विधायक श्री अमर पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री संदीप पौंड्रिक, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री मनीष कुमार, तिरहुत रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री पंकज सिन्हा, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी श्री प्रणव कुमार, निदेशक उद्योग श्री पंकज दीक्षित एवं मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जयंत कांत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******